## खबर संक्षेप

### राादौर के प्राचीन शनि मंदिर में भंडारा आज

**रादौर।** रादौर के कच्चा घाट स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे से पहले मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी संजय कुमार ने बताया कि कच्चे घाट पर स्थित शनि मंदिर कस्बा का सबसे पुराना शनि मंदिर है। मंदिर को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। दूर दूर से श्रद्धालु शनि मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगते हैं।

### चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** गांव कांसली में चोरों ने रात को घर में घुसकर 40 हजार रुपए तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव कांसली निवासी सुखविंदर कौर ने फरकपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को वह परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद घर में सो गई थी।

### रोटरी क्लब ने जरुरतमंद परिवारों को बांटा राशन

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब द्वारा शुक्रवार को कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर रोटेरियन एवं क्लब के कसचिव देवीदयाल अरोड़ा की धर्मपत्नी स्वर्गीय संतोष मिगलानी की प्रथम बरसी पर सात जरुरतमंद परिवारों को राशन वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने किया।

### सोने की अंगूठियां व चेन चुराने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनजीत कौर ने अपनी सहेली खानपुर हड़ोली निवासी रविंदर कौर पर अलमारी से सोने की दो अंगूठियां व सोने की चेन चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवती के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनजीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार से अलग किराए के कमरे में रहती है।

### युवक पर कांच की बोतलों से किया जानलेवा हमला

**यमुनानगर।** जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में अपने दोस्त के साथ बैठे रितिक पर आधा दर्जन युवकों ने शराब की कांच की बोतलों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मानव सेवा से बढ़कर नहीं है कोई पुण्य कार्य

**यमुनानगर।** श्री केशव किशोरी सेवा समिति की ओर से न्यू मार्केट के नजदीक स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों को कॉपियां व पेंसिल वितरित की गई। यह जानकारी समिति प्रधान विजय मेहताए उप प्रधान विकास कोरा, सचिव सुरेंद्र लूथरा ने दी।

# अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने में लाएं तेजी: मेयर सुमन बहमनी

## शहर के वार्ड 16 से 22 के पार्षदों के साथ अधिकारियों की ली बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा

### खराब लाइटों को ठीक करने में तेजी लाए और नालों के सफाई कार्य पार्षदों की देखरेख में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के कन्हैया साहिब चौक के नजदीक स्थित निगम कार्यालय में वार्ड संख्या 16 से 22 तक के पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की और मौके पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। मेयर सुमन बहमनी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों व अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करें। खराब लाइटों को ठीक करने में तेजी लाए। नालों के सफाई कार्य पार्षदों की देखरेख में हो। सभी अधिकारी व पार्षद मिलकर शहर के विकास कार्यों में तीव्रता लाए।

**शिकायत आने के 24 घंटे के भीतर लाइट ठीक कराई जाए**

बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने पार्षदों व अधिकारियों के साथ वार्ड 16 से 22 में चल रहे विकास कार्यों, लंबित पड़े कार्यों, नालों की सफाई, पार्कों के सौंदर्यीकरण, विशेष सफाई अभियान, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था समेत विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए नालों की समय रहते सफाई पर जोर दिया गया। इसके लिए सभी सफाई निरीक्षकों व पार्षदों को वार्ड वाइस जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि हर क्षेत्र में कार्य की निगरानी हो सके। मेयर बहमनी ने निर्देश दिए कि अधिकारी सार्वजनिक पार्कों की सफाई, घास कटाई, पौधारोपण, ओपन जिम, बच्चों के खेलने के उपकरणों की मरम्मत कराएं। निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में दोपहर बाद दो बजे से पांच बजे तक चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान में तेजी लाकर हर कॉलोनी व हर मोहल्ले में अधिक गंदगी वाले स्थानों की सफाई कराई जाए। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को एक नए स्तर तक पहुंचाना है। अभियंता शाखा के अधिकारियों से मेयर ने अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। लाइट शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत बदला जाए। ताकि नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। शिकायत आने के 24 घंटे के भीतर लाइट ठीक कराई जाए।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित पार्षदों व अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो: हरिभूमि

**समस्याओं से अवगत करवाया**

बैठक में सभी पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं व आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मेयर बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्षदों की तरफ से आने वाली हर समस्या को गंभीरता से लें। समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। इस अवसर पर निगम अभियंता दीपक सुखीजा, पार्षद संदीप धीमान, दीक्षित कुमार, उज्जवल बनयाल, हरजीत आनंद, विक्रम राणा, मंजीत कौर, सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, बिट्टू, सतबीर, कृष्ण व सुमित लाठर आदि मौजूद रहें।

### अनाज मंडियों में लिफ्टिंग कार्य भी बाधित, तापमान में आई गिरावट

# तेज आंधी और बारिश से मंडियों में गेहूं भीगा, किसानों की बढ़ी दिक्कत





यमुनानगर। बारिश में भीग रही गेहूं पर तिरपाल ढ़ककर उसे बचाने का प्रयास करते हुए मजदूर व आसमान में छाए हुए घने बादल। फोटो: हरिभूमि

**जिले की अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे अभी भी पड़े है हजारों टन गेहूं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले कई दिन से मौसम में बनी गर्मी की तपिश से शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश होने से मौसम सुहावना बन गया। वहीं, बारिश होने से अनाज मंडियों में चल रहा गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य बाधित हो गया। इस दौरान अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं की अधिकांश बोरियां बारिश में भीग गई। हालांकि गेहूं की बोरियों को तिरपाल आदि से ढ़ककर बचाने का प्रयास किया गया। मगर कई स्थानों पर प्रयास सफल नहीं हुए। वहीं, बारिश होने व मंद-मंद हवा चलने से मौसम में ठंडक बन गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार तड़के चार बजे से ही आसमान में बादल छा गए थे और मंद-मंद हवा चलने लगी थी। जिससे मौसम सुहावना बना हुआ था। मगर सुबह पांच बजे के बाद बारिश शुरु हो गई और यह कहीं तेज तो कहीं हल्की हुई। जिससे मौसम में ठंडक बन गई। खास बात यह रही कि दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और मौसम में ठंडक बनी रही।

**तापमान में आई गिरावट**

जिले में शुक्रवार को हुई बारिश से जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो शनिवार को भी जिले में बारिश होने की संभावना है।

**खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों टन गेहूं**

जिले की अनाज मंडियों में पिछले दो दिन से लिफ्टिंग के कार्य में तेजी आ रही थी। मगर शुक्रवार को हुई बारिश में लिफ्टिंग का कार्य बाधित हो गया। जिसकी वजह से अनाज मंडियों में अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों टन गेहूं की बोरियां बारिश में भीग गई। हालांकि इस दौरान अधिकांश बोरियों पर तिरपाल आदि ढ़ककर गेहूं को बारिश से बचाने का प्रयास किया गया। मगर इसके बावजूद कई स्थानों पर गेहूं से भरी बोरियां भीग गई।

**गन्ने की फसल को हुआ लाभ**

जिले में शुक्रवार को हुई बारिश से गन्ने व चारा की फसल को काफी लाभ पहुंचा है। किसान बलबीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, रोहित व जय सिंह आदि ने बताया कि आजकल गन्ने की फसल में गोभ की फूट चल रही है। बारिश होने से गन्ने में अच्छी फूट होगी और उसमें किसी कीट आदि का प्रकोप नहीं पड़ेगा। वहीं, खेतों में खड़ी चारा की फसल में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। जिससे चारा की फसल में सिंचाई के लिए होने वाला किसानों का खर्च बच जाएगा। राहत की बात यह है कि बारिश होने से अब किसान आगामी फसल की तैयारी के लिए खेतों में जुताई करने से पहले की जाने वाली सिंचाई करने से बच गए।



यमुनानगर। रादौर में ईश्वरीय विद्यालय में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यातिथि व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## इंसान अध्यात्म के रास्ते पर चलकर परेशानियों से पा सकता है मुक्ति

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रादौर में ईश्वरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल सिंह राणा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर की शास्त्री कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ईश्वरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन व पार्षदों को सम्मानित किया गया। जिसमें कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल सिंह ने भाग लिया।

केंद्र की सब जोन प्रभारी किरण व रादौर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी कुमारी गीता व आंचल मौजूद रही। स्नेह मिलन कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा व सब जोन प्रभारी किरण दीदी ने नपा के नवनिर्वाचित चेयरमैन रजनीश मेहता शालु समेत पार्षद सुदेश सैनी, राजीव आर्य सन्नी, रणजीत सिंह, ऋषिपाल नंबरदार, चरणजीत मोनू, श्रीकांत मोंटी, संदीप छोटाबांस, सुशील कुमार बत्रा, रविंद्र सैनी, विनिश राणा जुगनु व अमनदीप छोटाबांस को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यतिथि नेपाल राणा ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मानवता की भलाई के लिए दशको से कार्य कर रहा है। हमारी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं समाज सुधार के लिए अपना बेहतर योगदान दे सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आज मनुष्य मोबाइल युग में अनेक परेशानियों से घिरा हुआ है। इंसान अध्यात्म के रास्ते पर चलकर परेशानियों से बच सकता है।

इस अवसर पर राजवीर सैनी, मदन चोपड़ा, सुशील अग्रवाल, अशोक मेहता, अशोक आहूजा, प्रेम आहूजा, चंद्र सचदेवा, मुनीश मेहता, ईश मेहता, कमलेश मेहता, कमलेश मिगलानी, सुदेश रानी मेहता, रानी आहूजा, कमल सैनी, राज मेहता व नीलम सचदेवा आदि मौजूद रहे।

## अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी: शर्मा

- डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया इंग्लिश लैंग्वेज वीक
- कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को इंग्लिश लैंग्वेज वीक मनाया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय कोऑर्डिनेटर एवं एक्टिविटी इंचार्ज मिनाक्षी शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा तीसरी व चौथी के विद्यार्थियों के लिए पिक्चर कम्पोजीशन, पांचवी व छठी के लिए मोटिवेशनल स्लोगन राइटिंग, सातवीं व आठवीं के लिए एक्सटेम्प्रे स्पीच, नौंवी व दसवीं के विद्यार्थियों के लिए रॉ.टॉक और ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले आदि गतिविधियां आयोजित की गई।



यमुनानगर। डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित गतिविधियों में अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्रा।

जिनमें छात्रा रिया, वेदांशी, लघिमा, उमंग, यज्ञा, श्रेया, पाखी, मुकुल, कामाक्षी, काव्या, इच्छा, ओवी, अनन्या, रीवा, दीपशिखा, हेमनया, पीहू व कृतिका आदि ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य रमन कुमार शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी भाषा विश्व भाषा होने के नाते आधुनिक समय में इसका ज्ञान सभी के लिए आवश्यक है। अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता एक विद्यार्थी के लिए हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम खोल सकती है। इस भाषा का ज्ञानार्जन सभी विद्यार्थियों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि स्कूल लेवल पर करवाई जाने वाली ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने में सहायक सिद्ध होती हैं। मौके पर अंग्रेजी विभाक की अध्यापिका सीमा धीमान व अंजली चौधरी ने भी अपने विचार रखे।

## जिले को विकसित करने को मिलकर करें काम: जिंदल

- जिला सचिवालय में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) के सदस्यों की आयोजित हुई बैठक
- बैठक में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने संयुक्त रुप से की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) के सदस्यों की शुक्रवार को जिला सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल व अंबाला से कांग्रेस के सांसद वरुण चौधरी ने संयुक्त रुप से की। उन्होंने यमुनानगर के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हमें यमुनानगर को विकसित जिला बनाने के लिए मिलकर काम करना है। जिले को विकसित करने का काम मिलकर ही सम्भव हो सकता है। उन्होंने बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी लक्ष्य समय पर हासिल करने के साथ साथ विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हम लोगों को साथ मिलकर कार्य करना होगा तभी यमुनानगर के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी अपना कार्य ईमानदारी से करेंगे तो हम यमुनानगर जिले को विकसित बनाने में सफल होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के सभी बच्चों का टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि शहर की सफाई का उचित प्रबंध करवाएं। सांसद नवीन जिंदल ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना की समीक्षा की। लाभ पात्रों को लंबित किस्तों का भुगतान समय पर करें। बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, एडीसी नवीन आहूजा व जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोर्डिनेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सांसद नवीन जिंदल। फोटो: हरिभूमि

## अध्यापकों की मांगों का विभागीय लापरवाही से नहीं हो रहा समाधान

- हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ(हजरस) ने मांगो को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ (हजरस) यमुनानगर के प्रतिनिधिमंडल ने मांगो को लेकर शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के जिला प्रधान सतपाल ने किया। संघ के जिला प्रधान सतपाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान को सौंपे ज्ञापन में एक्स ग्रेशिया बजट से संबंधित अनियमितताओं को दूर किए जाने, जंगो देवी के समायोजन मामले को हल किए जाने, ममतेश रानी के एसीपी संबंधी मामले का जल्द समाधान करवाए जाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर स्कूल में अतिरिक्त अध्यापक की नियुक्ति किए जाने, से संबंधित फाइलों का निपटारा शीघ्र करवाए जाने आदि की मांग की।



यमुनानगर। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी को उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### खेड़ी रांगड़ान के तालाब के लिए निगम ने टेंडर की प्रक्रिया की शुरू

# तालाब का 11.89 लाख से होगा जीर्णोद्धार

- नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगडान के तालाब का जल्द जीर्णोद्धार होगा। नगर निगम द्वारा पहले तालाब की सफाई की जाएगी। इसके बाद उसका जीर्णोद्धार कर सुंदर रूप दिया जाएगा। इस विकास कार्य पर नगर निगम द्वारा 11 लाख 89 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि तालाब की सफाई व जीर्णोद्धार करने को लेकर नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। सात मई शाम पांच बजे तक संबंधित एजेंसियां ऑनलाइन टेंडर कर सकती हैं। तालाब की सफाई व जीर्णोद्धार होने से गांव के हजारों लोगों को लाभ होगा। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के तालाबों का जीर्णोद्धार कर रही है।



यमुनानगर। खेड़ी रांगड़ान में जीर्णोद्धार करने वाले तालाब की वर्तमान में मौजूदा बनी हुई स्थिति। फोटो: हरिभूमि

**पहले तालाब की सफाई की जाएगी**

इस विकास कार्य के लिए 11 लाख 89 हजार रुपये का टेंडर लगाया गया है। वर्क अलॉट होने के बाद पहले तालाब की सफाई की जाएगी। तालाब के अंदर की गंदगी व गाद साफ की जाएगी। तालाब के चारों तरफ के किनारों पर उगी घासए जमा गंदगी को साफ किए जाएगा। तालाब का गंदा पानी निकाला जाएगा। तालाब के किनारों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें पक्का किया जाएगा। गंदगी की सफाई कर तालाब में साफ पानी भरा जाएगा। वर्क अलॉट होने के बाद एजेंसी को ढाई से तीन माह में पूरा करना होगा। तालाब का जीर्णोद्धार होने से क्षेत्र का भूजल स्तर उच्च होगा। वहींए ग्रामीणों को नया व आकर्षक तालाब मिलेगा। तालाब के जीर्णोद्धार से गांव का सौंदर्यीकरण होगा। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वह तालाब में गंदगी न डालें। तालाब को साफ व सुंदर बनाने में निगम का सहयोग करें।

